# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र – 2023–24

## कक्षा : बारहवीं

## विषय : हिन्दी (आधार)

अनुक्रमांक –

विषय कोड : 502 प्रश्न–पत्र कोड : C

निर्धारित समय : 3 घंटे पूर्णांक : 80

**सामान्य निर्देश –**

1 इस प्रश्नपत्र में दो खण्ड हैं– **खण्ड (अ)** और **खण्ड (ब)**। **खंड (अ)** में बहुविकल्पीय और **खंड (ब)** में वर्णनात्मक प्रश्न हैं।

2 **खण्ड अ** में कुल 8 प्रश्नों के 40 बहुविकल्पीय पूछे गए हैं।

3 **खंड ब** में कुल 8 प्रश्न हैं। निर्देशानुसार विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्न के उत्तर देना अनिवार्य है।

4 प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की कुल संख्या 16 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

5 प्रश्नों का उत्तर लिखते समयक्रम संख्या अवश्य लिखें।

6 सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखें।

| खण्ड– (अ) बहुविकल्पीय / वस्तुपरक प्रश्न | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न संख्या** | **अपठित बोध** | **अंक** |
| **प्रश्न न• 1** | **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5x 1 = 5** |
| | जीवन से भाग करके नहीं, उसके भीतर से ही हमें लोकमंगल की साधना करनी होगी। विरक्ति लोकमांगलिक स्थान का आध्यात्मिकता मूलक-आध्यात्मिकता लेगी। यह आध्यात्मिकता लोकमंगल और लोकसेवा से ही चरितार्थता पाएगी। मनुष्यख:दु के मात्र-, उत्पीड़न और अभाव के प्रति संवेदित और क्रियाशील होकर ही हम अपनी आध्यात्मिकता को | |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | प्राणवान, जीवंत और सार्थक बना सकेंगे। ज्ञान को शक्ति में नहीं, परमार्थ तथा उत्सर्ग में ढालकर ही हम मानवता को उजागर करेंगे। प्रकृति से हमने जो कुछ पाया है, उसे हम बलात् छीनी हुई वस्तु क्यों मानें? क्यों न हम यह स्वीकार करें कि प्रकृति ने अपने अक्षय भंडार को मानवहै रखा कर अनावृत्त लिए के मात्र-? प्रकृति के प्रति प्रतियोगिता या प्रतिस्पर्धा का भाव क्यों रखा जाए? वस्तुतः प्रकृति के प्रति सहयोगी, कृतज्ञ तथा सदाशय होकर ही मनुष्य अपनी भीतरी प्रकृति को राग द्वेष-आण्विक आज है। बदलता में प्रेम को स्पर्धा और है करता मुक्त से आवश्यकता अत्यंत की बनाने साधन का कल्याण मानव को प्रौद्योगिकी त यह है।भी संभव है जब मनुष्य की बौद्धिकता के साथ उसकी साथ-है। संदेश यही का गाँधी और रवीन्द्र हो। विकास का रागात्मकता 'कामायनी' के रचयिता जयशंकर प्रसाद ने श्रद्धा और इड़ा के समन्वय पर बल दिया है। मानवता की रक्षा और उसके विकास के लिए पूर्व पश्चिम-ह आवश्यक सम्मिलन काै। तभी कवि पंत का यह कथन चरितार्थ हो सकेगा"सुंदरतम्। सबसे तुम मानव"- | |
| (i) | लोकमंगल की साधना द्वारा क्या किया जाना संभव है?<br>(क) धरती के जीवन को स्वर्गीय बनाना<br>(ख) आध्यात्मिक तथा धार्मिक प्रगति करना<br>(ग) केवल मनुष्य का विकास करना<br>(घ) प्रतिस्पर्धा की भावना को कम करना | 1 |
| (ii) | मनुष्य के दुःख, उत्पीड़न और अभाव के प्रति संवेदनशील होने का क्या परिणाम होगा?<br>(क) मानवता के धर्म का पालन हो सकेगा<br>(ख) आध्यात्मिकता को प्राणवान, जीवंत तथा सार्थक बना सकेंगे<br>(ग) भाग्यवाद में विश्वास बढ़ता जाएगा<br>(घ) प्रकृति के प्रति आदर्श दृष्टिकोण विकसित होगा | 1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| (iii) | प्रस्तुत गद्यांश के संदर्भ में कौन-सा कथन सत्य है?<br>(क) पश्चिम संस्कृति पूर्व की अपेक्षा अधिक समृद्ध है<br>(ख) मनुष्य को केवल भौतिक उन्नति करनी चाहिए<br>(ग) प्रकृति ने अपने अक्षय भंडार को मानव-मात्र के लिए खोल रखा है<br>(घ) मनुष्य आध्यात्मिकता को केवल धर्म के प्रसार के लिए अपनाता है | 1 |
| **(iv)** | मनुष्य अपनी भीतरी प्रकृति को राग-द्वेष से मुक्त कैसे रख सकता है?<br>(क) प्रकृति के प्रति प्रतियोगिता या प्रतिस्पर्धा रखकर<br>(ख) प्रकृति के प्रति सहयोग, कृतज्ञ तथा सदाशय का भाव रखकर<br>(ग) प्रकृति के भंडार पर अधिकार स्थापित करके<br>(घ) लोकमंगल की कामना पर ज्यादा ध्यान न देकर है | 1 |
| (v) | आध्यात्मिकता के संदर्भ में कौन-सा कथन असत्य है?<br>(क) पश्चिम में आध्यात्मिक विपन्नता नहीं है<br>(ख) आध्यात्मिकता लोकमंगल और लोक सेवा से ही चरितार्थता पाएगी<br>(ग) हम अपनी आध्यात्मिकता को प्राणवान, जीवंत और सार्थक बना सकने में समर्थ हैं<br>(घ) आध्यात्मिकता ज्ञान से जुड़ी हुई | 1 |
| **प्रश्न न• 2** | **निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5X1 = 5** |
| | हर किरण, तेरी संदेश वाहिका<br>पवन, गीत तेरे गाता<br>तेरे चरणो को छूने को<br>लालायित हिमगिरि का माथा!<br>तुझसे ही सुर्य प्रकासित है<br>आलोक सृष्टि में तेरा है,<br>संपूर्ण सृष्टि का रोम–रोम<br>चिर ऋणी, उपासक तेरा है! | |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | अगणित आकाश गंगाएँ<br>नन्हीं बूंदें तेरे आगे<br>तू आदि–अंत से मुक्त<br>काल–अस्तित्व हीन तेरे आगे!<br>हे जगत नियंता, जगत–पिता<br>है व्याप तेरा कितना ईश्वर,<br>तेरे चरणों में नत मस्तक,<br>कितनी धरती ,कितने अंबर! | |
| (i) | **(i) इश्वर के चरण चुमने के लिए – –लालायित रहता है।**<br>(क) पक्षी<br>(ख) हिमगिरि<br>(ग) नदियां<br>(घ) फसल | 1 |
| (ii) | **जगत पिता किसे कहा गया है?**<br>(क) समाज<br>(ख) संसार<br>(ग) ईश्वर<br>(घ) पिता को | 1 |
| (iii) | **निम्न में से सत्य कथन – – – है।**<br>(क) **ईश्वर के चरणों में धरती और अंबर नतमस्तक हैं।**<br>(ख) **ईश्वर के चरणों में धरती और वायु नतमस्तक हैं।**<br>(ग) **ईश्वर के चरणों में धरती और आग नतमस्तक हैं।**<br>(घ) **ईश्वर के चरणों में अंबर और हवा नतमस्तक हैं।** | 1 |
| (iv) | **' संपूर्ण सृष्टि का रोम–रोम ' पंक्ति में रोम–रोम में– – – अलंकार है** | 1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (क) अनुप्रास<br>(ख) पुनरुक्ति प्रकाश<br>(ग) यमक<br>(घ) उपमा | |
| (v) | **कथन (A) और (R) को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए।**<br>कथन (A) **संपूर्ण सृष्टि तेरे चरणों में नतमस्तक है।**<br>कारण (R) **तेरा अस्तित्व आदि– अंत से मुक्त है।**<br>(क) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) गलत है।<br>(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है।<br>(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।<br>(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या है। | 1 |
| | **अथवा**<br>**निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | 5 |
| | शांति नही ंतब तक, जब तक<br>सुख–भाग न सबका सम हो।<br>नहीं किसी को बहुत अधिक हो<br>नहीं किसी को कम हो।<br>स्वत्व माँगने से न मिले,<br>संघात पाप हो जाएँ।<br>बोलो धर्मराज,शोषित वे<br>जिएँ या मिट जाएँ<br>न्यायोचित अधिकार माँगने<br>से न मिले, तो लड़ के<br>तेजस्वी छीनते समय को,<br>जीत या कि खुद मर के। | |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | किसने कहा पाप है? अनुचित<br>स्वत्व–प्राप्ति–हित लड़ना?<br>उठा न्याय का खड्ग समर में<br>अभय मारना–मरना? | |
| (i) | **कवि के अनुसार शांति के लिए – – – आवश्यक शर्त है।**<br>(क) संसार में संसाधनों का दुरुपयोग<br>(ख) संसाधनों की प्राप्ति में राजनैतिक दबाव<br>(ग) संसार में संसाधनों का समान वितरण<br>(घ) स्वतः माँगने से मिले | 1 |
| (ii) | **न्यायोचित अधिकार माँगने के लिए मानव को क्या करना चाहिए ?**<br>(क) संघर्ष करना ।<br>(ख) अपना हक माँगना पाप नहीं की सोच पैदा करना।<br>(ग) अधिकारों के लिए प्राणों को दांव पर लगाना।<br>(घ) उपरोकत सभी | 1 |
| (iii) | **तेजस्वी किस प्रकार समय को छीन लेते हैं?**<br>(क) जीत कर छीन लेते हैं<br>(ख) स्वयं कुर्बान होकर<br>(ग) (क) और (ख) दोनों<br>(घ) इनमें से कोई भी नहीं | 1 |
| (iv) | **कृष्ण के युधिष्ठिर को युद्ध के लिए प्रेरित करने में कौन–सा कथन सही नहीं है।**<br>(क) अपने प्रति न्याय प्राप्ति के लिए।<br>(ख) उनके हक दिलवाने के लिए।<br>(ग) अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए<br>(घ) प्रभुत्व स्थापित करने के लिए | 1 |
| (v) | **'न्यायोचित' शब्द के संधि विच्छेद में स्वर संधि का कौन–सा भेद हैं।** | 1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (क) गुण **स्वर संधि**<br>(ख) दीर्घ **स्वर संधि**<br>(ग) यण् **स्वर संधि**<br>(घ) अयादि **स्वर संधि** | |
| **प्रश्न न• 3** | **काव्य पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5 x 1= 5** |
| **(i)** | **'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में कैमरा एक साथ क्या दिखाना चाहता है?**<br>(क) दर्शकों को रोत हुए<br>(ख) अपाहिज को रोते हुए<br>(ग) केवल दूरदर्शन वालों को रोते हुए<br>(घ) (क) और (ख) दोनों को | 1 |
| **(ii)** | **' नील जल में किसी की गौर, झिलमिल देह जैसे हिल रही हो' में कौन–सा भाव है?**<br>(क) उज्जवलता का<br>(ख) निर्मलता का<br>(ग) पवित्रता का<br>(घ) तरलता का | 1 |
| **(iii)** | ' रुद्ध कोष है, क्षुब्द तोष है ' – यहाँ **तोष** का क्या अर्थ **है?**<br>(क) खिन्न<br>(ख) संतोष<br>(ग) रुका हुआ<br>(घ) खजाना | 1 |
| **(iv)** | दीपावली के पर्व पर घर के बारे में कौन –सा कथन सत्य नहीं है?<br>(क) घर लिपे–पुते होते हैं<br>(ख) घर साफ– सुथरे होते हैं | 1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) घर गिले– सुखे होते हैं<br>(घ) घर सजे– धजे होते हैं | |
| **(v)** | **'पतंग'** नामक कविता के आधार पर **कॉलम अ** को **कॉलम ब** से सुमेलित करके सही विकल्प चुनिए। | 1 |

| **कॉलम अ** | **कॉलम ब** |
|---|---|
| 1 आकाश को इतना मुलायम बनाते हुए | (i) श्रव्य बिंब |
| 2 घंटी बजाते हुए ज़ोर–ज़ोर से | (ii) दृश्य बिंब |
| 3 खरगोश की आँखों जैसा लाल सवेरा | (iii) स्पर्श बिंब |

(क) 1 –(iii) , 2–(ii) , 3– (i)

(ख) 1 –(ii) , 2–(iii) , 3– (i)

(ग) 1 –(iii) , 2–(i) , 3– (ii)

(घ) 1 –(i) , 2–(ii) , 3– (iii)

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न न• 4** | **गद्य पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5 x 1= 5** |
| **(i)** | बाजार दर्शन नामक पाठ में **'बाज़ारूपन '** का अर्थ है–<br>(क) बाज़ार से सामान खरीदना<br>(ख) बाज़ार को सजाकर आकर्षक बनाना<br>(ग) बाज़ार से अनावश्यक सामान खरीदना<br>(घ) बाज़ार से आवश्यक सामान खरीदना | 1 |
| **(ii)** | **भक्तिन के संदर्भ में निम्न में से कौन–सा कथन सत्य नहीं है?**<br>(क) भक्तिन झूंसी की रहने वाली थी।<br>(ख) **भक्तिन** का विवाह पांच वर्ष की आयु में हुआ।<br>(ग) भक्तिन का वास्तविक नाम लछमिन था।<br>(घ) भक्तिन का गौना तेरह वर्ष की आयु में हुआ। | 1 |
| **(iii)** | लेखक ने भाईचारे के वास्तविक रूप को – – – – मिश्रण के समान बताया है। | 1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (क) दूध – पानी<br>(ख) घी – शक्कर<br>(ग) आटा – नमक<br>(घ) दूध – दही | |
| **(iv)** | **' दिन दस फूला फूलि के खंखड़ भया पलाश '** – ये कथन किसका है ?<br>(क) तुलसीदास का<br>(ख) कबीरदास का<br>(ग) कालीदास का<br>(घ) वात्स्यान का | 1 |
| **(v)** | **'पहलवान की ढ़ोलक' नामक पाठ के आधार पर कॉलम अ को कॉलम ब से सुमेलित करके सही विकल्प चुनिए।**<br><br>**कॉलम अ** — **कॉलम ब**<br>1 धिना–धिना , धिक– धिना! — (i) दाँव को काट,बाहर निकल जा<br>2 ढाक्– ढिना — (ii) चित करो , पीठ के बल पटक दो।<br>3 धाक–धिना , तिरकट– तिना — (iii) वाह पट्ठे<br><br>(क) 1– (ii) , 2 –(iii) , 3– (i)<br>(ख) 1– (i) , 2 –(ii) , 3– (iii)<br>(ग) 1– (iii) , 2 –(i) , 3– (ii)<br>(घ) 1– (ii) , 2 –(i) , 3– (iii) | 1 |
| **प्रश्न न• 5** | **वितान भाग–2 पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5 x 1= 5** |
| **(i)** | **' सिल्वर वैडिंग' कहानी की विषय–वस्तु – – –पर आधारित है।**<br>(क) समाज में बदलते जीवन –मूल्यों पर<br>(ख) समाज में बदलते सांस्कृतिक– मूल्यों पर | 1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) समाज में बदलते पारिवारिक –मूल्यों पर<br>(घ) समाज में बदलते सामाजिक–मूल्यों पर | |
| **(ii)** | **'आने दे अब उसे, मैं उसे सुनाता हूँ कि नहीं अच्छी तरह, देख।' यह कथन किसका है ?**<br>(क) लेखक<br>(ख) आनंदा<br>(ग) देसाई<br>(घ) दत्ताजी | 1 |
| **(iii)** | सिन्धु घाटी की सभ्यता के संबंध में निमन में से सही कथन छांटिए ।<br>(क) सिन्धु घाटी की सभ्यता प्राचीन सभ्यता थी<br>(ख) सिन्धु घाटी की सभ्यता आडंम्बरहीन सभ्यता थी<br>(ग) सिन्धु घाटी की सभ्यता छोटी होते हुए भी महान थी<br>(घ) (ख) और (ग) दोनों | 1 |
| **(iv)** | सौंदलेकर जब मराठी कविता पढ़ाते, तब उनके अध्यापन का उचित क्रम था–<br>(i) वे अपनी लिखी कविता सुनाते<br>(ii) वे पाठ्य कविता गाकर सुनाते<br>(iii) वे बैठे–बैठे अभिनय के साथ कविता सुनाते<br>(iv) वे उसी भाव की अन्य कवि की कविता सुनाते<br>(क) (ii), (iii), (iv), (i)<br>(ख) (i), (iii), (iv), (ii)<br>(ग) (ii), (iii), (i), (iv)<br>(घ) (ii), (i), (iv), (iii) | 1 |
| **(v)** | **'जूझ' नामक पाठ के कथन (A) और (R) को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए।**<br>**कथन (A) सिन्धु घाटी सभ्यता लघुता में भी महत्ता का अनुभव कराने वाली संस्कृति थी।**<br>**कारण (R) यहाँ के मूर्तिशिल्प , औजार छोटे हैं।** | 1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (क) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) गलत है।<br>(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है।<br>(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।<br>(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या है। | |
| **प्रश्न न• 6** | **अभिव्यक्ति और माध्यम पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5 x 1= 5** |
| **(i)** | **ऐसी पत्रकारिता जो किसी विचारधारा ,उद्देश्य या मुद्दे को उठाकर जनमत तैयार करती है – – – –पत्रकारिता कहलाती है।**<br>(क) पीत<br>(ख) पेज थ्री<br>(ग) एडवोकेसी<br>(घ) वैकल्पिक | 1 |
| **(ii)** | **निम्नलिखित में कॉलम A को कॉलम B के शब्दों का उचित मिलान कीजिए।**<br><table><tr><th>कॉलम A</th><th>कॉलम B</th></tr><tr><td>1 टेलीविजन</td><td>(i) मुद्रण</td></tr><tr><td>2 रेडियो</td><td>(ii) दृश्य–श्रव्य</td></tr><tr><td>3 समाचार पत्र</td><td>(iii) श्रव्य</td></tr></table><br>(क) 1– (iii) , 2–(i) , 3 –(ii)<br>(ख) 1– (i) , 2–(iii) , 3 –(ii)<br>(ग) 1 – (ii) , 2–(iii) , 3– (i)<br>(घ) 1– (ii) , 2–(i) , 3 –(iii) | 1 |
| **(iii)** | छह ककार के लिए उचित क्रम का चयन कीजिए–<br>(क) क्या , कौन , कहाँ , कब , क्यों , कैसे<br>(ख) कौन ,कहाँ , कब , कैसे , क्यों , क्या | 1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) कब , कौन , कहाँ , क्या , कैसे , क्यों<br>(घ) क्यों , कैसे , क्या , कब , कहाँ , कौन | |
| **(iv)** | भुगतान के आधार पर अलग–अलग समाचार पत्रों में लिखने वाले को – – – – पत्रकार कहते हैं।<br>(क) अल्पकालीक<br>(ख) संपादक<br>(ग) अंशकालिक<br>(घ) फ्रीलांसर | 1 |
| **(v)** | **स्तंभ लेखन के संबंध में निम्न कथन असत्य है–**<br>(क) यह विचारपरक लेखन का एक रूप है<br>(ख) स्तंभ का विषय चुनने के लिए लेखक को छूट होती है<br>(ग) संपादक द्वारा दिए गए विषय पर ही लेखक को स्तंभ लिखना पड़ता है<br>(घ) इसमे लेखक के विचार अभिव्यक्त होते है | 1 |
| **प्रश्न न• 7** | **व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5 x 1= 5** |
| **(i)** | निम्न में से **अव्ययीभाव समास** का सही उदाहरण है–<br>(क) घड़ी–घड़ी<br>(ख) यथायोग्य<br>(ग) (क) और (ख) दोनों<br>(घ) इनमें से कोई नहीं | 1 |
| **(ii)** | **निम्नलिखित में कॉलम A को कॉलम B के शब्दों को उचित संधि से मिलान कीजिए।** | 1 |

| **कॉलम A** | **कॉलम B** |
|---|---|
| 1 दीर्घ संधि | (i) अत्युत्तम |
| 2 गुण संधि | (ii) नयन |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | <table><tr><td>3 यण् संधि</td><td>(iii) नदीश</td></tr><tr><td>4 अयादि संधि</td><td>(iv) महर्षि</td></tr></table> (क) 1– (iv) , 2–(i) , 3– (ii) , 4 –(iii)<br>(ख) 1 –(i) , 2–(ii) , 3– (iii) , 4– (iv)<br>(ग) 1– (ii) , 2–(iii) , 3– (iv) , 4– (i)<br>(घ) 1 –(iii) , 2–(iv) , 3 –(i) , 4– (ii) | |
| **(iii)** | ' **गंगाजल** ' शब्द में समास का नाम बताइए।<br>(क) अव्ययीभाव<br>(ख) तत्पुरुष<br>(ग) कर्मधारय<br>(घ) बहुव्रीहि | 1 |
| **(iv)** | **'तुम बेफिजुल बोल रहे हो।'** इस वाक्य में क्या दोष है ?<br>(क) शब्द–क्रम संबंधी दोष<br>(ख) मुहावरे संबंधी दोष<br>(ग) पुनरुक्ति संबंधी दोष<br>(घ) परसर्ग संबंधी दोष | 1 |
| **(v)** | **निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य छाँटिए ।**<br>(क) हमें दिल्ली आना है।<br>(ख) हमारे को दिल्ली जाना है।<br>(ग) हमें दिल्ली में जाना है।<br>(घ) हमने दिल्ली जाना है। | 1 |
| **प्रश्न न• 8** | **नैतिक शिक्षा पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5 x 1= 5** |
| **(i)** | **दुर्गा भाभी ने क्रान्तिकारी सुखदेव को क्रान्ति की गतिविधियों के लिए– – – – आर्थिक मदद की।**<br>(क) 400 रुपये | 1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) 450 रुपये<br>(ग) 500 रुपये<br>(घ) 550 रुपये | |
| **(ii)** | **अमेरिका से करतार सिंह ने कौन–सा अख़बार निकाला?**<br>(क) गदर<br>(ख) हिन्दुस्तान<br>(ग) आजाद<br>(घ) क्रान्ति | 1 |
| **(iii)** | **नमीयुक्त भोजन में** बैक्टीरिया 20 मिनट में कितने तापमान पर दोगुने हो जाते है।<br>(क) 33–35 डिग्रो<br>(ख) 34– 36 डिग्री<br>(ग) 37–38 डिग्री<br>(घ) 39–41 डिग्री | 1 |
| **(iv)** | **सरदार पटेल से संबंधित निम्न कथन सत्य नहीं है।**<br>(क) पटेल कर्तव्यपरायणता के धनी थे।<br>(ख) पटेल को अदालती पैरवी के दौरान पत्नी की मृत्यु का समाचार मिला।<br>(ग) सरदार पटल जी 'लौहपुरुष ' के नाम से भी जाने जाते हैं।<br>(घ) सरदार पटेल भारत के पहले रक्षामंत्री थे। | 1 |
| **(v)** | निम्नलिखित में से **कॉलम 1** को **कॉलम 2** से सुमेलित करके सही विकल्प चुनिए। | 1 |

| **कॉलम 1** | **कॉलम 2** |
|---|---|
| 1 बसु उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड गए | (i) 1887 |
| 2 बसु का विवाह हुआ | (ii) 1917 |
| 3 बोस शोध संस्थान की स्थापना | (iii) 1896 |
| 4 यूरोपीय वैज्ञानिकों के निमन्त्रण पर इंग्लैंड गए | (iv) 1880 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (क) 1 –(i) , 2–(ii) , 3– (iii) , 4–(iv)<br>(ख) 1 –(iv) , 2–(i) , 3– (ii) , 4–(iii)<br>(ग) 1 –(ii) , 2–(iii) , 3– (iv) , 4–(i)<br>(घ) 1 –(iii) , 2–(iv) , 3– (i) , 4–(ii) | |
| | **खण्ड– ब**<br>**वर्णनात्मक प्रश्न** | |
| **प्रश्न न• 9** | **निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।** | **5** |
| | मुझसे मिलने को कौन विकल ?<br>मैं होऊँ किसके हित चंचल?<br>यह प्रश्न शिथिल करता पद को, भरता उर में विह्वलता है!<br>दिन जल्दी–जल्दी ढलता है। | |
| | **अथवा** | |
| | **निम्नलिखित पद्यांश के प्रश्नों का उचित उत्तर दीजिए।** | **5** |
| | खेती न किसान को, भिखारी को न भीख, बलि<br>बनिक को बनिज ,न चाकर को चाकरी।<br>जीविका बिहीन लोग सीद्यमान सोच बस,<br>कहें एक एकन सों कहाँ जाई,का करी?<br>बेदहूँ पुरान कही, लोकहूँ बिलोकिअत,<br>साँकरे सबें पै, राम! रावरें कृपा करी।<br>दारिद–दसानन दबाई दुनी ,दुनी, दीनबंधु<br>दुरित–दहन देखि तुलसी हहा करी ।।<br>प्रश्न : | |
| (i) | कवि और कविता का नाम लिखिए । | **1** |
| (ii) | समाज में आजीविका से हीन लोग क्या सोचते हैं ? | **1** |
| (iii) | किसान, भिखारी, व्यापारी तथा नौकर के परेशानी का क्या कारण है? | **1** |
| (iv) | **दारिद–दसानन** में कौन–सा अलंकार है? | |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| (v) | 'दारिद–दसानन दबाई दुनी ,दुनी, दीनबंधु' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। | 1<br>1 |
| **प्रश्न न• 10** | **निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।** | **5** |
| | अंग्रेज चले गए पर क्या हम आज भी सच्चे अर्थो में आज़ाद हो पाए। क्या उनकी रहन–सहन , उनकी भाषा ,उनकी संस्कृति से आज़ाद होकर अपने देश के संस्कारों को समझ पाए । हम आज देश के लिए क्या हैं? माँगे हर क्षेत्र में बड़ी–बड़ी हैं पर त्याग का कहीं नाम–निशान नहीं है। अपना स्वार्थ एकमात्र लक्ष्य रह गया है। | |
| | **अथवा** | |
| | **निम्नलिखित गद्यांश के प्रश्नों का उचित उत्तर दीजिए।** | **5** |
| | भक्तिन को नौकर कहना उतना ही असंगत होगा जितना अपने घर में बारी – बारी से आने वाले अँधरे–उजाले और आंगन में फूलने वाले गुलाब और आम को सेवक मानना। वे जिस प्रकार एक अस्तित्व रखत हैं, जिसे सार्थकता देने के लिए हमें सुख –दुखः देते हैं, उसी प्रकार भक्तिन का स्वतंत्र व्यक्तित्व अपने विकास के परिचय के लिए ही मेरे जीवन को घेरे हुए है।<br><br>**प्रश्न :** | |
| (i) | भक्तिन और लेखिका के बीच किस प्रकार का संबंध था? | 1 |
| (ii) | उपर्युक्त गद्यांश में **अँधरे–उजाले और आंगन में फूलने वाले गुलाब और आम**– ये शब्द किसके बारे में कहे गए हैं? | 1 |
| (iii) | लेखिका के घर में भक्तिन किस प्रकार अपना स्थान बनाए हुए थी? | 1 |
| (iv) | भक्तिन का स्वभाव कैसा था ? | 1 |
| (v) | भक्तिन को नौकर होते हुय भी नौकर कहना क्यों उचित नहीं लगता? | 1 |
| **प्रश्न न•11** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपनी भावाभिव्यक्ति करते हुए लगभग 250 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए।** | **5** |
| **(i)** | एक कामकाजी औरत की शाम | |
| **(ii)** | बोर्ड परीक्षा का पहला दिन | |
| **(iii)** | आप 17 वर्ष के नमन हैं। आप किसी दूसरे दोस्त की कार में सफर कर | |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | रहे हैं। अचानक कोई सड़क पर दुर्घटना घट जाती है। आपके सहयोगी के सहायता से मना करने पर आप अकेले उस स्थिति में जिस प्रकार सहायता करेंगे। उस मनः स्थिति का वर्णन कीजिए। | |
| **(iv)** | निम्नलिखित चित्र देखकर संभावित द्वंद्वों का उल्लेख करते हुए वर्णन कीजिए।  | |
| **प्रश्न•12** | **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए।** | **3+2=5** |
| **(i)** | बारिशों के बाद, भादों के पश्चात प्रकृति में आए परिवर्तन का कवि ने किस प्रकार वर्णन किया है? पतंग कविता के आधार पर अपने 'शब्दों में वर्णन कीजिए। | **3** |
| **(ii)** | 'उषा' कविता में भोर के नभ की तुलना किससे की है और क्यों? | **2** |
| **प्रश्न•13** | **गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए।** | **3+2=5** |
| **(i)** | ' काले मेघा पानी दे' पाठ के आधार पर पानी और बारिश के अभाव म गाँव की दशा का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए। | **3** |
| **(ii)** | कहानी ' पहलवान की ढ़ोलक ' व्यवस्था के बदलने के साथ लोक कला और इसके कलाकार के अप्रासंगिक हो जाने की कहानी है। पंक्ति को विस्तार दीजिए। | **2** |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न न•14** | **'वितान भाग–2' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए।** | **3+2= 5** |
| **(i)** | 'जूझ' कहानी के आधार पर उस घटना का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए जिससे पता चलता है कि लेखक की माँ उसके मन की पीड़ा समझ रही थी। | **3** |
| **(ii)** | यशोधर बाबू की अपनी पत्नी तथा बच्चों के विचारों में भिन्नता थी? | **2** |
| **प्रश्न न•15** | **'व्याकरण' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए।** | **3+2= 5** |
| **(i)** | अनुप्रास अलंकार का लक्षण बताते हुए उदाहरण दीजिए। | **3** |
| **(ii)** | व्यंजन संधि को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए । | **2** |
| **प्रश्न न•16** | **' नैतिक शिक्षा '** पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए। | **3+2= 5** |
| **(i)** | महात्मा बुद्ध के अष्टमार्ग की आठ आदर्श बातों में से किन्ही चार का वर्णन कीजिए। | **3** |
| **(ii)** | 'मातृदेवो भव। पितृदेवो भव। आचार्यदेवो भव। अतिथि देवो भव।'– का भाव स्पष्ट कीजिए। | **2** |

Download from www.MsEducationTv.com